PRESS CLIPPINGS

PUBLIC RELATIONS DEPARTMENT

GURU GOBIND SINGH INDRAPRASTHA UNIVERSITY

SEC-16C, DWARKA, NEW DELHI

Date: 04-11-2026

NAVODAYA TIMES
नवोदय टाइम्स
नई दिल्ली • बुधवार • 4 नवम्बर, 2026

IPU में शिक्षक प्रशिक्षण को मजबूत करने पर मंथन

नई दिल्ली, 3 नवम्बर (ब्यूरो): गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एजुकेशन ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एनसीटीई) के सहयोग से शिक्षकों के विकास पर एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित की। द्वारका परिसर में हुई कार्यशाला का विषय 'समर्थ शिक्षक–सशक्त भारत' रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षकों के व्यावसायिक मानकों, सतत प्रशिक्षण और मार्गदर्शन को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई।

हिन्दुस्तान
बुधवार
4 नवंबर 2026

आईपीयू ने अधूरी डिग्री पूरी करने का अंतिम मौका दिया

आईपीयू ने अधूरी डिग्री वाले छात्रों को परीक्षा में बैठने का एक अंतिम अवसर दिया है। छह नवंबर तक आवेदन किया जा सकता है। परीक्षाएं ऑफलाइन होंगी। इसके तहत विद्यार्थियों को 25 हजार रुपये पढ़ाई जारी रखने की फीस और प्रत्येक विषय के लिए 1200 रुपये परीक्षा शुल्क देना होगा।

अमर उजाला
नई दिल्ली | मंगलवार, 3 नवंबर 2026

कल्पनाशीलता और सृजनशीलता से ही मिलेगी अलग पहचान : डॉ. महेश वर्मा

नई दिल्ली। गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री प्रो. डॉ. महेश वर्मा ने कहा कि कल्पनाशीलता और सृजनशीलता के दम पर युवा अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। वह विश्वविद्यालय के पूर्वी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय तकनीकी उत्सव 'एलिसियन 4.0' और 'सिंथेसिया 3.0' के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स और स्कूल ऑफ डिजाइन एंड इनोवेशन ने इनका आयोजन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कक्षा के बाहर भी सीखने की अपील की। उन्होंने कहा कि एलिसियन तकनीक, जबकि सिंथेसिया रचनात्मक सोच और कल्पनाशीलता को बढ़ावा देता है।

